नई श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आरसीसीपीएल भरौली मैहर प्लांट तथा आरसीसीपीएल खदानों में हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

अमदरा 4 दिसंबर, आरसीसीपीएल भरौली मैहर प्लांट तथा आरसीसीपीएल खदानों में आज नई श्रम संहिताओं के संबंध में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए श्रम सुधारों की समझ को बढ़ाना तथा अनुपालन सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम का संचालन प्लांट में श्रम प्रवर्तन अधिकारी (केंद्रीय) अग्निमित्र बाजपेयी द्वारा तथा खदानों में खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के मार्गदर्शन में किया गया।

इस पहल के अंतर्गत कर्मचारियों, ठेकेदारों तथा मानव संसाधन कर्मियों को चार नई समेकित श्रम संहिताओं वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता के प्रमुख

प्रावधानों से अवगत कराया गया।

सत्र के दौरान श्री बाजपेयी ने श्रम सुधारों के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिनका मुख्य लक्ष्य श्रम कानूनों को सरल बनाना, आधुनिक करना तथा उनका बेहतर प्रवर्तन सुनिश्चित करना है। कर्मकारों के अधिकार, सुरक्षा मानदंड, सामाजिक सुरक्षा लाभ तथा नियोक्ताओं की अनुपालन जिम्मेदारियों जैसे विषयों पर गहन एवं परस्पर संवादपूर्ण चर्चा हुई।

प्रतिभागियों को अपने प्रश्न उठाने तथा प्लांट एवं खनन कार्यों से संबंधित व्यावहारिक कार्यान्वयन की चुनौतियों पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस जागरूकता अभियान ने आरसीसीपीएल की वैधानिक श्रम आवश्यकताओं के अनुपालन तथा सुरक्षित एवं निष्पक्ष कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। सत्र का समापन निरंतर सीखने तथा नई नियामक व्यवस्था के सक्रिय पालन पर जोर देते हुए हुआ।

रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

नवभारत न्यूज

कोठी 4 दिसंबर, कोठी सहित आसपास के क्षेत्र में पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से लोग रसोई गैस की किल्लत से परेशान हैं।

हालात ऐसे हैं कि रसोई गैस के लिए लोगों को जद्दोजहद करना पड़ रहा है और लोग गैस सिलेंडर लिए हुए गैस एजेंसी में लाइन लगाकर खड़े रहते हैं फिर भी सभी लोगों को गैस नहीं मिल पा रही है। जबकि पिछले काफी समय से लोगों के पास गैस नहीं है वह तो गनीमत है कि ठंड का समय चल रहा है तो लोग अन्य साधनों से भी अपना काम चला रहे हैं इसके बावजूद भी परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है इसका कारण यह बताया जा रहा है कि कनेक्शन ज्यादा हैं और इस समय गैस सिलेंडर कम आ रहे हैं। इस वजह सबको गैस नहीं मिल पा रही।

लोगों ने बताया कि गैस कब आ जाती है और कब खत्म हो जाती है इसका अब सही से पता ही नहीं चल पाता है जब तक लोगों को गैस आने का पता चलता है और लोग अपना सिलेंडर लेकर गैस एजेंसी पहुंचते हैं तब तक गैस बटकर खत्म हो जाती है और गैस का स्टॉक खत्म बता दिया जाता है जिससे बहुत से लोगों को मायूस होकर खाली सिलेंडर लेकर ही लौटना पड़ता है कोठी क्षेत्र में हिंदुस्तान पेट्रोलियम की एकमात्र रंजना गैस एजेंसी ही है दूसरी एजेंसी मौजूद नहीं है जिससे क्षेत्र में और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बलात्कार का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मैहर 4 दिसंबर, अमरपाटन थाना पुलिस ने एफआईआर के 24 घंटे के अंदर बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 03.12.25 को आवेदिका द्वारा थाना अमरपाटन में आरोपी जितेन्द्र कुशवाहा उम्र 23 पिता सतानंद कुशवाहा निवासी भीषमपुर के विरूद्ध शादी का झांसा देकर गलत काम (बलात्कार) किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज करायी थी जिस पर अप.क्र. 699/25 धारा 69 बीएनएस पंजीबद्ध कर आरोपी की पता तलास कर 24 घंटे के अंदर आरोपी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

किरहाई पोखरी गांव में लगा स्वास्थ्य शिविर , 32 मरीजों का हुआ उपचार

नवभारत न्यूज

मझगवां 4 दिसंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां के खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रूपेश सोनी के मार्गदर्शन में पड़री उप स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत किरहाई पोखरी गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आयुष्मान आरोग्य केंद्र (उप स्वास्थ्य केंद्र) पडरी की सी.एच.ओ. भारती पांडेय ने इस स्वास्थ्य शिविर में आए 32 लोगों की जांच कर उपचार और दवा का वितरण किया। जिसमें खाज-खुजली, फोडा, फुंसी, सर्दी,

जुखाम, बुखार से पीड़ित बच्चों सहित वयस्क लोगों में उपर्युक्त बीमारी के मामले सामने आए। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से सीएचओ भारती पांडेय की अहम भूमिका रही। ज्ञातव्य हो कि किरहाई पोखरी गांव में लोगों को खाज-खुजली जैसी संक्रामक बीमारी से पीडित होने की जानकारी क्राई संस्था नई दिल्ली के फैलो आनंद को हुई, जिन्होंने 2 दिसंबर,025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर डॉ. रुपेश सोनी जी एवं बीसीयम देवमुनि पटेल जी के समक्ष बैठकर चर्चा किया एवं स्वास्थ्य शिविर लगवाने के लिए लिखित आवेदन देते हुए आग्रह किया । जिसमें बच्चों से जुडी इस बीमारी को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए डॉ. रूपेश सोनी एवं बीसीयम की पहल से आज 3 दिसंबर,025 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन संभव हो सका । स्वास्थ्य शिविर में सी.एच.ओ. भारती पांडेय सहित आशा कार्यकर्ता उमा गर्ग, आंगनगवाड़ी सहायिका दुर्गा मवासी एवं क्राई संस्था नई दिल्ली के फैलो आनंद मझगवां की उपस्थित रहीं।

नगरीय निकाय में होते हुए भी बिजली, पानी ,सड़क जैसी सुविधाओं से वंचित है थरपहाड गांव

- कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी ने जटहरी आश्रम में लगाई चौपाल
- सुनी जनसमस्याएं ,अब जनांदोलन की तैयारी में ग्रामीण

नवभारत न्यूज

सतना 4 दिसंबर, आज मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव व उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने चित्रकूट नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 स्थित थरपहाड़ गांव में जटहरी आश्रम में चौपाल लगाकर जनसमस्याओं को सुना.

जहां देखने को मिला की आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रभु श्रीराम की कर्मस्थली तपोभूमि चित्रकूट नगर पंचायत का वार्ड क्रमांक 15 आज भी बिजली पानी और सड़क जैसी सुविधाओं से वंचित है जिस पर कांग्रेस नेता ने चौपाल लगाकर जन समस्याएं सुन ग्रामीणों का हाल जाना जो गांव की प्रमुख समस्याएं हैं जैसे पूरे गांव में एक भी पीएम आवास नहीं बने गरीबी रेखा के राशन कार्ड जो बने हैं उनमें सभी सदस्यों के नाम नहीं हैं पानी पीने के लिए पूरे गांव में एकमात्र कुआं है चलने के लिए सड़क नहीं है, यह वही गांव है जहां के अक्सर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते हैं जिसमें कभी किसी प्रसूता को पालकी में लेकर लोग चलते हैं तो कहीं किसी मृत व्यक्ति के शव को लेकर पालकी में लेकर चलते हैं लेकिन आज दिनांक तक शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया जबकि पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी ने सड़क बनाने के लिए अपनी निजी भूमि शासन को प्रदान की हुई है वहीं आंगनबाड़ी की बात करें तो गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भी नहीं है इस प्रकार से विभिन्न ऐसी जन समस्याएं हैं जिन्हें प्रशासन ने लगातार उपेक्षा का शिकार बनाया है आगे कांग्रेस नेता ने चौपाल में कहा अब थरपहा? के विकास की लड़ाई लड़ने के लिए आर पर के जंग की जरूरत है और यह लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ी जायेगी इस मौके में प्रमुख रूप से सुरेन्द्र यादव,राजकुमार गोड़,राजू मवासी,बब्बू मवासी,हीरा मवासी,राजेंद्र मवासी,राजकुमार मवासी,दद्दू मवासी, बिट्य्या मवासी,नीता मवासी,गुल्ही मवासी,रामकली मवासी,रेखा मवासी, लक्ष्मीनिया मवासी,संगीता मवासी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे ।

कोठी में सांसद खेल महोत्सव 7 से 9 दिसंबर तक

कोठी 4 दिसंबर, अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव 7 से 9 दिसंबर तक आयोजित होगा । शुभारंभ समारोह की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी होंगी । 7 दिसंबर को दोपहर 2.00 बजे से आयोजन का शुभारंभ होगा जिसमें क्षेत्र के काफी संख्या में प्रतिभावान खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएंगे।

अधिवक्ता संघ मैहर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिए प्रमाण पत्र

नवभारत न्यूज

मैहर 4 दिसंबर, अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल शुक्ला, उपाध्यक्ष एस एन तिवारी ,सचिव कुंवर अर्जुन सिंह, सह सचिव महेंद्र तिवारी , कोषाध्यक्ष किरण सिंह ,पुस्तकालय प्रभारी मुकेश शुक्ला को निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने आज अपनी टीम के साथ जीत का प्रमाण पत्र दिया ।

इस अवसर में वरिष्ठ अधिवक्ता आर एन शुक्ला ,वरिष्ठ अधिवक्ता बी एल सिंह ,अधिवक्ता संघ मैहर के पूर्व अध्यक्ष दिलीप त्रिपाठी , अधिवक्ता रामावतार चौरसिया, अधिवक्ता पी पी पांडे ,राजेंद्र सिंह ,रमाकांत दुबे ,ओ पी तिवारी ,रावेंद्र पंकज पांडे ,संदीप त्रिपाठी, दिनेश सोनी, राजेश गौतम बरही ,अखिल मिश्रा ,जावेद अली, जितेंद्र सिंह, विकास गौतम ,विकास पाठक, अनुराग तिवारी ,अनवर बेग सहित साथी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

कन्या पूजन कर आयोजित किया भंडारा

नवभारत न्यूज

कोठी 4 दिसंबर, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल ने चित्रकूट के पुरानी लंका आश्रम में कन्या पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया.

श्री शुक्ल ने अपने गुरु आश्रम पहुंचकर गुरु वंदना, उपासना के साथ सभी की सुख समृद्धि की कामना करते कन्या पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया। चित्रकूट क्षेत्र के सैकड़ों साधु संतों टीका कर भंडारे का प्रसाद और दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान संगठन सहित

अन्य भक्तों ने आश्रम पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया सतना जिला के जिला अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला का माल्यार्पण करते हुए आश्रम के परम संत जगतगुरु स्वामी महाराज जी का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अरुण सिंह गहरवार ,उमेश सिंह पप्पू ,विजय राज सिंह, शंकर मिश्रा, सुमन सैनी, मनिंदर सिंह जीतू सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

हृदय गति रुकने से केदार प्रसाद मिश्रा का आकस्मिक निधन

नवभारत न्यूज

कोठी 4 दिसंबर, नगर परिषद कोठी के वार्ड क्रमांक 5 झाली चौराहा निवासी समाजसेवी नीलेश मिश्रा के पिता केदार प्रसाद मिश्रा का आज गुरुवार को दोपहर 12 बजे हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया है। अचानक वह इस दुनिया में नहीं रहे जिससे क्षेत्र में शोक की लहर है ।

बताया जाता है कि वे एकदम सामान्य थे 11 बजे के करीब सीने में अचानक उनके दर्द उठा उनको डॉक्टर के पास तुरंत ले गए परंतु वह नहीं बच सके डॉक्टर ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर

दिया उनके चाहने वाले ईस्ट मित्रों , रिश्तेदारों सहित संजय दुबे बृजेश गर्ग सोनू, भोला दुबे ,गौरव सिंह ,रामचरण शर्मा ,संतोष गुप्ता, प्रवीण सिंह ,दिवाकर सिंह ,उमेश सिंह पप्पू, तिलकराज सिंह ,सुखेंद्र सिंह, शिवजीत सिंह, धर्मेंद्र सोनी ,हनुमान दास द्विवेदी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा घर परिवार वालों को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें

छात्राओं को खेल सामग्री वितरित

नवभारत न्यूज

रामनगर 4 दिसंबर, शासकीय महाविद्यालय रामनगर में छात्राओं को खेल सामग्री वितरित कर प्राचार्य एसके वर्मा व सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल ने उत्साह बढ़ाते हुए कहा की खेल शरीर, सेहत के लिए लाभकारी दायक है। खेल से शरीर फिट रहता है बीमारी भी दूर रहती है। कार्यक्रम में नेहा मिश्रा ,मयूरी साकेत, सयूरी साकेत ,रोशनी शर्मा, अंजली ,प्रीति साकेत, चित्रांशु लोनी, खुशी सहित अन्य छात्राएं उपस्थित रहे।

अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन ने लिया सेवा का संकल्प

नवभारत न्यूज

कोठी 4 दिसंबर, अमर शहीद ठाकुर सिंह सेवा संगठन के पदाधिकारी आज वीरों की भूमि पिंडरा पहुंचकर अमर शहीदों को याद किया और लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया।

पिंडरा स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर अमर शहीदों द्वारा दी गई कुर्बानी को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया और उनके द्वारा किए गए त्याग और समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर लोगों की

सेवा करने का मन में दृढ़ निश्चय किया गया। इस दौरान संगठन के सह संयोजक उमेश सिंह पप्पू, प्रवक्ता बृजेश गर्ग सोनू ,सदस्य मनिंदर सिंह , विजय राज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भगवान शिव की महाआरती, बत्तीसी पूर्णिमा मनाई गई

तमसांचल युवा मंडल का आयोजन, गल्ला मंडी शिवालय में 151 दिये जलाए गए

नवभारत न्यूज

सतना 4 दिसंबर, गल्ला मंडी शिवालय में तमसांचल युवा मंडल ने गल्लामंडी शिवालय में शाम 6 बजे 151 दिए जलाकर, भगवान शिव की महाआरती कर मनाई गई बत्तीसी पूर्णिमा।

श्रम कल्याण मंडल सतना के सदस्य आचार्य विनोद द्विवेदी ने बताया कि अगहन मास की पूर्णिमा के दिन की गई पूजा का बत्तीस गुना फल मिलने का शास्त्रों का विधान है। इस दिन की पूजा से सुख एवं शौभाग्य की वृद्धि होती है।महाआरती में तमसांचल युवा मंडल के संयोजक

आचार्य विनोद द्विवेदी, कृषि उपज व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजू पटनहा, चंद्रिका त्रिपाठी, देवीदीन गुप्ता, लालबहादुर सिंह, योगेश कुशवाहा, पूर्व सरपंच विजय विश्वकर्मा, शंकर प्रसाद रजक, दयालदास गुरु, विहाग कुमार दुबे, गोपेश अग्रवाल, मधुरिमा द्विवेदी, बब्बू महराज, हरिश्चंद्र गुप्ता, विजय गुप्ता, भाईलाल नामदेव, रामाधार पटेल, संदीप कोल, सोनू सहित अनेक शिव भक्त उपस्थित रहे।

आदिवासियों को वितरित की गई खाद्य सामग्री

भजनाश्रम ट्रस्ट ने बांटा, खाद्यान्न सामग्री प्रकार कोल आदिवासियों के चेहरे खिले

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 4 दिसंबर। गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए भगवान भजनाश्रम वृंदावन शाखा चित्रकूट की ओर से ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिहारी सर्राफ और अग्रवाल एसोसिएट दिल्ली के सौजन्य से 151 ज़रूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की गई।

सरैंया गांव के विनय नगर घाटी कोलान बस्ती में अति गरीबए वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम की मौजूदगी में खाद्यान्न वितरित किया गया। विनय नगर घाटा कोलान में महेश कोल के सहयोग से आयोजित खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम में

आदिवासी परिवारों को आटाए दालए चावल एगुड़ ए मसालाए सरसों का तेलए चीनीए गर्म टोपाए मोजे और अन्य आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। ट्रस्ट के प्रबंधक रामावतार यादव समाजसेवी केशव प्रसाद यादव आरके शर्मा अमित यादव शंकर प्रसाद ने एसडीएम का स्वागत किया। समाजसेवी केशव प्रसाद यादव ने कहा कि श्गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। हम सभी इसी सोच के साथ आपसी सहयोग से कंबल और खाद्य सामग्री बांट रहे हैं। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।उन्होंने जानकारी दी कि घाटा कोलान मानिकपुर की कोल आदिवासी बस्ती में अन्न वितरण किया गयाए जिसमें उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

चित्रकूट चैलेंज कप के 12वें संस्करण का हुआ शुभारम्भ

- राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 4 दिसंबर, राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख जी की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2025 का भव्य उद्घाटन समारोह खेल प्राँगड जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम कर्वी चित्रकूट में अतिथियों द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय एवं नानाजी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

नानाजी देशमुख जी की स्मृति

में आयोजित यह क्रिकेट टूर्नामेंट 04 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक आयोजित होगा, जिसमें कई प्रदेशों से टीमें भाग लेंगी। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं संरक्षक भैरों प्रसाद मिश्र, मुख्य अतिथि पुलकित गर्ग जिलाधिकारी चित्रकूट, विशिष्ट अथितियों के रूप मे अरुण कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ,स्वप्निल यादव एडीएम नमामि गङ्गे , आर के सिंह पटेल पूर्व सांसद, अनिल प्रधान सदर विधायक, महेंद्र कोटार्य जिलाध्यक्ष भाजपा चित्रकूट, अश्विनी अवस्थी जिला महामंत्री भाजपा, रंजना उपाध्याय वरिष्ठ भाजपा नेत्री, दिव्या त्रिपाठी अध्यक्ष महिला मोर्चा, अर्चना सिंह, अशोक गुप्ता अध्यक्ष बार एसोसिएशन, महाप्रबंधक दीनदयाल शोध संस्थान डॉ अनिल जायसवाल, प्रभारी शैक्षणिक अनुसंधान केंद्र कालिका प्रसाद श्रीवास्तव, इं राजेश त्रिपाठी, निदेशक जन शिक्षण संस्थान अनिल कुमार सिंह, अशोक तिवारी, कौशल त्रिवेदी, बनारसीलाल पाण्डेय, इंद्र पाण्डेय, कमलेश सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन साकेत बिहारी शुक्ल ने किया। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी चित्रकूट ने कहा कि राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा किए गए कार्य समाजोपयोगी एवं अनुकरणीय है। जिला प्रशासन जिले की प्रतिमाओं को निखारने हेतु सदैव आप सभी के सहयोग हेतु तत्पर है। क्रिकेट के अतिरिक्त अन्य खेलो एवं उदयीमान खिला?यों को प्रोत्साहित कर देश एवं प्रदेश स्तर पर जनपद को गौरवान्वित करने हेतु सभी को सम्मलित प्रयत्न करना होगा। अध्यक्ष बार एसोसिएशन अशोक गुप्ता ने कहा कि हम सभी को नए उभरते खिला?यों को मंच प्रदान करने में अपना श-अपना सहयोग देना चाहिए, क्योंकि बिना सामाजिक सहयोग के यह कार्य पूर्ण करने कठिन है।